## प्रादेशिक समाचार

### दिनांक – 14.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- कोयला राज्य मंत्री ने राज्य के सहयोग को विस्थापन समाधान के लिए बताया जरूरी, झरिया पुनर्वास योजना के तहत प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील।
- निजी अस्पतालों की मनमानी और इलाज में लापरवाही पर राज्य सरकार सख्त, चतरा पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने कहा–सदर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की होगी तैनाती।
- रांची की बेटी भाव्या रंजन बनीं सीबीएसई 12वीं आर्ट्स की नेशनल टॉपर, 500 में से 499 अंक पाकर देश में लहराया परचम, राज्यपाल ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई।
- राज्य में आंधी–बारिश का सिलसिला जारी, 20 मई तक पूरे राज्य में मौसम खराब रहने की चेतावनी, 15 और 16 मई को कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी।
- झारखंड टी20 लीग की आधिकारिक ट्रॉफी का रांची में आज होगा अनावरण, समारोह में भारतीय स्टार क्रिकेटर ईशान किशन विशेष रूप से होंगे शामिल।

****************

दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने बेलगड़िया में कहा कि झारखंड सरकार के सहयोग के बिना विस्थापन और भू–धंसान समस्या का समाधान असंभव है। उन्होंने प्रभावित लोगों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट होने की अपील करते हुए बताया कि झरिया मास्टर प्लान 2.0 के तहत पुनर्वासित परिवारों को सुविधाएं, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वैश्विक संकट पर बोलते हुए उन्होंने पेट्रोल–डीजल बचाने की प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन किया और सनातन विरोधी बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

****************

चतरा पहुंचे राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने निजी अस्पताल का उद्घाटन करते हुए कहा कि बेहतर चिकित्सा के लिए सरकार निजी अस्पतालों को सहयोग करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि मरीजों से अधिक पैसे लेने या इलाज में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। मंत्री ने चतरा सदर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर और एंबुलेंस बढ़ाने की घोषणा की।

****************

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के राज्य अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज ने सरायकेला में निजी अस्पतालों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी निजी अस्पतालों, क्लीनिकों और दवा दुकानों का हेल्थ प्रोफेशनल और हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री से जुड़ना अनिवार्य है। निर्देशों की अनदेखी करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई होगी। इस डिजिटल मिशन से मरीजों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऑनलाइन सुरक्षित रहेगा और इलाज में पारदर्शिता आएगी।

****************

राज्य में बिना नक्शा पास बने अवैध भवनों को वैध करने के लिए आज बड़ी राहत मिलने जा रही है। झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली–2026 के तहत आज सुबह 11 बजे प्रोजेक्ट भवन में ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार इस पोर्टल को लॉन्च करेंगे।

****************

भाजपा ने राज्य सरकार पर किसानों से वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु ने कहा कि सरकार 3 हजार 200 रुपये एमएसपी लागू करने और ओलावृष्टि प्रभावितों को मुआवजा देने में विफल रही है। इसके विरोध में भाजपा 15 से 20 मई तक सभी प्रखंड मुख्यालयों पर एकदिवसीय धरना देगी।

****************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्री एसआईआर कार्यों की समीक्षा बैठक में खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में घर–घर सत्यापन और स्टीकर लगाने के कार्य में तेजी लाने को कहा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और मृत व स्थानांतरित मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाए जाएं। पारदर्शिता के लिए पंचायत भवनों में वर्ष 2003 की मतदाता सूची भी प्रकाशित की जाएगी।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

रांची की बेटी भाव्या रंजन ने सीबीएसई 12वीं आर्ट्स में देशभर में पहला स्थान प्राप्त कर राज्य का मान बढ़ाया है। भाव्या ने 500 में से 499 अंक हासिल कर नेशनल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सीबीएसई की 12वीं परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह शानदार सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। राज्यपाल ने सभी सफल छात्र–छात्राओं के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की कामना की है।

****************

हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर बीती रात अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ा छापामारी अभियान चलाया गया। जिले में गठित 43 टीमों ने ड्रग्स के कारोबार और सेवन में लिप्त लोगों के 100 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान 77 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पीआर बॉन्ड पर छोड़ा गया, जबकि दो आरोपियों को 32 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल दोपहर और रात को तेज हवा के साथ भारी बारिश हुई, जिससे रांची में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। मौसम विभाग ने संताल परगना प्रमंडल में कल 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी, वज्रपात और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 16 मई को भी रांची समेत 15 जिलों के लिए ऐसा ही ऑरेंज अलर्ट जारी रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आगामी 20 मई तक पूरे राज्य में मौसम का मिजाज बदला रहेगा और इस दौरान तेज हवाओं के साथ वज्रपात और बारिश की प्रबल संभावना है।

****************

रांची में आज झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा झारखंड टी20 लीग 2026 की आधिकारिक ट्रॉफी का अनावरण किया जाएगा। इस विशेष समारोह में राज्य में विश्वस्तरीय क्रिकेट मंच विकसित करने की रूपरेखा पेश होगी। कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेटर ईशान किशन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सीबीएसई 12वीं के नतीजे घोषित होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–रांची की भाव्या आर्ट्स में नेशनल टॉपर।

प्रभात खबर ने लिखा है–आदिति पांचवें दिन भी लापता, नाले में मिले अवशेषों की होगी डीएनए जांच।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–मंइयां और सर्वजन पेंशन को 10 हजार करोड़ जारी।

दैनिक जागरण लिखता है–नीट पेपर लीक मामले में पांच गिरफ्तार।

*******समाप्त*********